कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.01.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//
गर्ल्स कॉलेज में
वार्षिक क्रीड़ा पुरस्कार वितरण समारोह

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग द्वारा वार्षिक क्रीड़ा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल थे।

प्राचार्य महोदय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ क्रीड़ा के क्षेत्र में छात्रायें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करती है और जो उपलब्धियाँ प्राप्त करती है वह संस्था के लिये गौरव की बात है। इससे एक ओर जहाँ व्यक्तित्व का विकास होता है वहीं कॅरियर बनाने के लिये उचित अवसर भी प्राप्त होता है।

महाविद्यालय के खिलाड़ियों को जिन्होनें विश्वविद्यालय के अंतर पूर्वी क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है उन्हें पुरस्कृत किया गया। तैराकी प्रतियोगिता में कु. धनु ओझा, कु. डिलेश्वरी ओझा, व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में कु. प्रिया शिखा, कु. दीप्ति राठौर, कु. राखी सिंह, कु. तोमेश्वरी जंघेल। क्रिकेट प्रतियोगिता में कु. मीनाक्षी मौर्या, कु. मानसी सिंह ठाकुर, कु. मोनिका, कु. जागृति कुमेटी। हॉकी प्रतियोगिता में कु. सृष्टि गुप्ता जिन्हें ग्यारह सौ रूपये प्रदान की गई। अन्य वार्षिक स्पर्धाओं (फुगड़ी, डॉज बॉल, कुर्सी दौड़, मटकाफोड़, कैरम, शतरंज) के विजेता को भी पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में क्रीड़ा समिति के संयोजक एवं विभिन्न हाउस प्रभारी, प्राध्यापकगण एवं छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी एवं श्री जागृत ठाकुर तथा आभार प्रदर्शन क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. सुषमा यादव ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)